**जनपद टिहरी के जौनपुर विकास खण्ड में फुलेत – क्यारा मोटर मार्ग के कि0मी0 5.00 (भगद्वारी खाल) से भूत्सी मोटर मार्ग का समरेखण प्रस्ताव कि0मी0 7.550 कि0मी0। हेतू प्रस्तावित समरेखन की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या ।**

1. पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड द्वितीय, नई टिहरी के अन्तर्गत 7.550 कि0मी0 लम्बाई में फुलेत –क्यारा मोटर मार्ग के भगद्वारीखाल से भूत्सी मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित समरेखन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनॉक 29.10.2015 को कनिष्ट अभियन्ता श्री आदर्श, सहायक अभियन्ता श्री एम0एस0 विष्ट एवं अधिशासी अभियन्ता श्री अरूण कुमार नेगी एवं सम्बंन्धित टी0सी0एस0 के प्रतिनिधि के साथ निरीक्षण किया गया।

2. प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत फुलेत–क्यारा मोटर मार्ग के भगदवारीखाल से भूत्सी मोटर मार्ग का 7.550 किमी0 लम्बाई में निर्माण का प्रस्ताव है। मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखनों पर विचार कया गया। समरेखन संख्या दो में अधिक हेयर पिन बैण्ड्स, अधिक लम्बाई एवं स्थानीय ग्रामवासियों की असहमति होने के कारण समरेखन संख्या एक को मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित किया गया है। समरेखन फुलेत–क्यारा मोटर मार्ग के कि0मी0 5.00 (भगद्वारी खाल) से आरम्भ होता है तथा 7.550 किमी0 लम्बाई में समाप्त होता है। इस मार्ग के निर्माण से ग्राम भूत्सी एवं इसके तोक लाभान्वित होगें। क्रास सैक्शन 0/30 में समरेखन एक स्थानीय गदेरे को पार करता है, जिस पर लघु सेतु के निर्माण की आवश्यकता होगी। समरेखन में कुल नौ हेयर पिन बैण्ड्स है, जो समान्यतः दूर–दूर हैं। अलग–अलग भाग में समरेखन नाप एवं सिविल भूमि से होकर गुजरता है। समरेखन क्षेत्र में मसूरी ग्रुप की चट्टानें दृष्टिगोचर हैं, जिनमें मुख्यतः लाईमस्टोन, स्लेट तथा क्वार्टजाईट हैं। समरेखन की अधिकांश लम्बाई में ओवर बर्डन मैटेरियल (E&B) है तथा चट्टान कहीं–कहीं हैं। नाप भूमि की अपेक्षाकृत सिविल भूमि में पहाडी ढलान अधिक है।

3. समरेखन क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू–आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखतें हुए निम्न सुझाव दिये जा रहें है, जिन्हें प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(i) यथासम्भव मार्ग की पूरी चौडाई कटान करके प्राप्त की जाये। यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिस भाग में पहाडी ढलान तीव्र है, वहां मार्ग का निर्माण हाफ कट–हाफ फिल टेक्नीक से कराया जा सकता है, किन्तु फिलिंग मैटेरियल की गुणवता एवं रिटेनिंग दीवार के डिजाइन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है ।

(ii) मार्ग के आरम्भ में टेक आफ प्वाइन्ट कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाया जाये ।

(iii) किमी0 1 में लघु सेतु का निर्माण उपयुक्त स्थल पर आवश्यक सावधानी तथा सुरक्षात्मक प्रावधानों को ध्यान में रख कर कराया जाये।

(iv) यह सुनिश्चित किया जाये कि समरेखन में प्रस्तावित हेयर पिन बैण्ड कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाये जाये।

(v) समरेखन के समीप स्थित घरों से सुरक्षित दूरी रखते हुये बिना विस्फोटकों का प्रयोग किये मार्ग कटान किया जाये ।

(vi) जहॉं मार्ग कटान की ऊचांई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, विशेष रूप से बैण्डस पर एवं आबादी वाले भाग में, मार्ग कटान के साथ–साथ समुचित बेस्ट्र वाल का निर्माण कराया जाये ।

(vii) चटटानी ढलान में ब्लास्टिगं किये जाने पर चट्टान के ज्वाइन्टस सकिय हो सकते है । अतः जहॉं आवश्यक हो मार्ग कटान में नियन्त्रित ब्लास्टिंग की जाये ।

(viii) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतू रोडसाईड ड्रेन, स्कपर एवं अन्य क्रास ड्रनेज वर्क्स का प्रावधान किया जाये ।

(ix) कटिंग के दौरान निकले हुये मैटेरियल को पूर्व निर्धारित डंपयार्ड में डाला जाये। खड्ड साईड में फेंकने से भूरक्षण की समस्या उत्पन्न हो सकती है ।

(x) उपरोक्त के अतिरिक्त पर्वतीय क्षेत्र में मार्ग निर्माण के लिये निर्धारित सिविल अभियांत्रिकी के अन्य मानको एवं विशिष्टियों का भी पालन किया जायें ।

Nav
JE

4. फुलेत–क्यारा मोटर मार्ग के भगद्वारीखाल से भूत्सी, (जमठियाल गाँव पालीडाँडा) तोकतक मोटर मार्ग हेतु 7.550 किमी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखन वर्तमान परिस्थितियों में उपरोक्त सुझावों के साथ मार्ग निर्माण के लिए उपयुक्त प्रतीत होता है।

टिप्पणी:–

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखन क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाइज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है ।

H. Kumar

(हर्ष कुमार)
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग
देहरादून

(हर्ष कुमार)
भूवैज्ञानिक (से0नि0)
लोक निर्माण विभाग
देहरादून

Alay/32